ये तन क्या है एक पिंजरा है भजन लिरिक्स

ये तन क्या है एक पिंजरा है,
इस पिंजरे में एक तोता है,
ये तोता जब उड़ जाएगा,
तो खाली पिंजरा रह जाएगा,
ये तन क्या हैं इक पिंजरा है,
इस पिंजरे में एक तोता है।**lbd।**

तर्ज – वो क्या है एक मंदिर है।

दुनिया वालों,
दुनिया मुसाफिर खाना है,
जो आज आए है,
कल उन्हें वापस जाना है,
जग जोगी वाला फेरा है,
ना तेरा है ना मेरा है,
ये तन क्या हैं इक पिंजरा है,
इस पिंजरे में एक तोता है।**lbd।**

जब तक इस,
तोते का यहाँ पर दाना है,
तब तक इस,
पिंजरे में जन्म बिताना है,
जब दाना ही मूक जाएगा,
तो खाली पिंजरा रह जाएगा,
ये तन क्या हैं इक पिंजरा है,
इस पिंजरे में एक तोता है।**lbd।**

ये पिंजरा हुआ पुराना,
पंछी छोड़ चला,
कई जन्मों के,
रिश्ते नाते तोड़ चला,
जब पंछी ही उड़ जाएगा,
तो खाली पिंजरा रह जाएगा,
ये तन क्या हैं इक पिंजरा है,
इस पिंजरे में एक तोता है।**lbd।**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

ये तन क्या है एक पिंजरा है,
इस पिंजरे में एक तोता है,
ये तोता जब उड़ जाएगा,
तो खाली पिंजरा रह जाएगा,
ये तन क्या हैं इक पिंजरा है,
इस पिंजरे में एक तोता है।bd।

स्वर – व्यास जी मौर्य।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com